# अमेरिका का एक महीने बाद फिर ईरान पर हमला

- होर्मुज में समुद्री माइंस से टकराया सुपर टैंकर
- विस्फोट के बाद लगी आग, इंजन बंद पड़ा



**वाशिंगटन, 31 अगस्त. होर्मुज स्ट्रेट में एक सुपर टैंकर दो समुद्री माइंस से टकरा गया. टकराने के बाद टैंकर में भीषण आग लग गई और वह पूरी तरह रुक गया. ईरान ने जहाज का नाम और चालक दल की संख्या नहीं बताई है.**

टैंकर बिना अनुमति वाले समुद्री रास्ते से गुजर रहा था. ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में अपने तय सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने वाले दूसरे जहाजों को भी कार्रवाई की चेतावनी दी है. इस बीच अमेरिका ने करीब एक महीने बाद ईरान पर फिर सैन्य कार्रवाई की है. अमेरिकी सेना ने रविवार को होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरान के लारक द्वीप पर दो रॉकेट लॉन्चर्स को निशाना बनाया. ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के जवान होर्मुज स्ट्रेट में रॉकेट और समुद्री माइंस लॉन्च करने की तैयारी कर रहे थे. ईरानी मीडिया ने हमले में कई सैनिकों और नागरिकों के मारे जाने की बात कही है.

अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने जॉर्डन में दो अमेरिकी एयरबेस पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागने का दावा किया. मिसाइलों को अमेरिकी एयरबेस के तकनीकी और मेंटेनेंस इंफ्रास्ट्रक्चर तथा लड़ाकू विमानों की तैनाती वाले क्षेत्रों को निशाना बनाकर दागा गया. जॉर्डन की एयर डिफेंस ने ईरानी मिसाइलों को रोक दिया.लारक द्वीप ईरान के प्रमुख बंदरगाह बंदर अब्बास के पास है और होर्मुज के ठीक बीच में स्थित है. यह समुद्री रास्ता दुनिया के लिए बेहद अहम है, क्योंकि युद्ध से पहले दुनिया के इस्तेमाल होने वाले करीब 20% तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस की आवाजाही इसी रास्ते से होती थी. ईरान फिलहाल इस द्वीप के पास से गुजरने वाले टैंकरों की जांच कर रहा है और जहाजों से स्ट्रेट पार करने के लिए 20 लाख डॉलर यानी करीब 19 करोड़ तक टैक्स वसूल रहा है.

### सुरक्षा नियमों का उल्लंघन नहीं करने की चेतावनी

होर्मुज स्ट्रेट में तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है. ईरान के एक सुपरटैंकर दक्षिणी होर्मुज स्ट्रेट में दो समुद्री बारूदी सुरंगों (सी माइंस) से टकरा गया. टक्कर के बाद जहाज में आग लग गई और वह पूरी तरह रुक गया. ईरानी अधिकारियों ने अभी तक टैंकर का नाम या उसके चालक दल की संख्या नहीं बताई है. आईआरजीसी का दावा है कि टैंकर होर्मुज स्ट्रेट में ईरान की ओर से निर्धारित सुरक्षा नियमों के विपरीत एक अनधिकृत समुद्री मार्ग से गुजर रहा था. ईरान ने चेतावनी दी है कि उसके सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य जहाजों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है. हालांकि, टैंकर के माइंस से टकराने के ईरानी दावे की स्वतंत्र पुष्टि तत्काल नहीं हुई है.

# भारत विश्व गुरु, पर सुपरपॉवर नहीं

## भागवत ने कनाडा में एकजुट मानवता पर दिया जोर

**नई दिल्ली, 31 अगस्त. भारत का उत्थान इस बात से नहीं मापा जाना चाहिए कि वह कितना शक्तिशाली बनता है, बल्कि इस बात से कि वह एकजुट मानवता के लिए कितना योगदान देता है.**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कनाडा के टोरंटो में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए सेवा, विविधता और वैश्विक मित्रता के भारत के सिविलाइजेशन विचार को सामने रखा. हिंदू विश्व बंधु-एम्ब्रेस द वर्ल्ड इन फ्रेंडशिप कार्यक्रम में भागवत ने कहा, अगर हिंदू जागेगा तो दुनिया जागेगी. उन्होंने भारत के 'डीएनए' का जिक्र करते हुए दूसरों की मदद के लिए हाथ बढ़ाने की भारत की परंपरा पर जोर दिया.भागवत ने कहा कि भारत के उत्थान का मतलब अधिक एकजुट और अधिक स्वतंत्र मानवता है. उन्होंने कहा कि एक समय भारत को महाशक्ति कहा जा सकता था, लेकिन वह महाशक्ति नहीं था. उसने दुनिया की सेवा की और अपने चरित्र के कारण 'विष्णु गुरु' बना, 'महाशक्ति' नहीं.उन्होंने विविधता को भारत की एकता का हिस्सा बताते हुए कहा कि भारत में अलग-अलग चीजों को किसी बाधा के रूप में नहीं देखा जाता.

### एकता ही भारतीय परंपरा



उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा लोगों को विविधता में एकता देखने की शिक्षा देती है और विविधता खुद एकता का ही रूप है. भागवत ने इस विचार को वसुधैव कुटुंबकम से जोड़ा, जिसका अर्थ है कि पूरी दुनिया एक परिवार है. उन्होंने कहा कि इस विचार के तहत लोगों को बाहरी अंतर से आगे बढ़कर साझा मानवता को पहचानना चाहिए. टोरंटो में आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन कनाडियन हिंदूज फॉर आउटरीच, रिलेशंस एंड डायलॉग ने किया था. इसमें कनाडा के पूर्व रक्षा मंत्री और अल्बर्टा के पूर्व प्रीमियर जेसन केनी भी शामिल हुए. केनी ने कनाडा-भारत संबंधों में फिर से आई गति का स्वागत किया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस साल के अंत में कनाडा दौरे की उम्मीद है.

## एक नजर में

### एथेनॉल पर सुनवाई से सुको का इनकार

**नई दिल्ली, 31 अगस्त.** पेट्रोल में मिलाए जाने वाले एथेनॉल की मात्रा की जानकारी ग्राहकों को देने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया. याचिकाकर्ता ने मांग की थी कि पेट्रोल पंप पर ईंधन भराते समय डिस्पेंसिंग नोजल के पास और ग्राहक को दी जाने वाली रसीद पर पेट्रोल में एथेनॉल की प्रतिशत मात्रा स्पष्ट रूप से दर्ज होनी चाहिए. सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को अपनी मांग के लिए हाईकोर्ट का रुख करने की छूट दी है. जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की पीठ के समक्ष इस मामले की सुनवाई हुई.

### सुकेश को 8 साल की सजा

**नई दिल्ली, 31 अगस्त.** ठग सुकेश चंद्रशेखर ने खुद को सुप्रीम कोर्ट का जज बताकर न्यायिक अधिकारी को प्रभावित करने के मामले में मिली 8 साल की सजा को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है. उसकी याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई है. सुकेश को दिल्ली की तीस हजारी अदालत ने इस मामले में दोषी ठहराते हुए आठ साल के कारावास की सजा सुनाई थी. निचली अदालत ने सुकेश के कृत्य को न्यायपालिका की विश्वसनीयता और न्यायिक प्रक्रिया की स्वतंत्रता पर गंभीर हमला बताया था. अदालत ने सजा तय करते समय उसके पछतावा नहीं दिखाने और शिकायतकर्ता के खिलाफ सवाल उठाने को भी ध्यान में रखा. मामला 28 अप्रैल 2017 के एक फोन कॉल से जुड़ा है.

### दिल्ली के प्ले स्कूल में मासूम से बर्बरता

**नई दिल्ली, 31 अगस्त.** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मौजपुर स्थित एक प्ले स्कूल में साढ़े तीन साल के बच्चे से मारपीट और यौन दुर्व्यवहार का गंभीर मामला सामने आया है. शिक्षा निदेशालय ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है. समिति की अध्यक्षता अतिरिक्त शिक्षा निदेशक करेंगे. शिक्षा विभाग ने समिति को दो दिन के भीतर मामले की जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं. विभाग ने कहा है कि जांच निर्धारित कानूनी प्रावधानों और बाल संरक्षण दिशा-निर्देशों के अनुसार की जाएगी. बच्चे के माता-पिता की शिकायत पर जाफराबाद थाने में एफआईआर दर्ज की गई है. पुलिस ने स्कूल से सीसीटीवी फुटेज और कुछ अन्य सबूत भी जुटाए हैं. स्कूल प्रशासन ने फुटेज देने से साफ मना कर दिया.

### एयर इंडिया फ्लाइट में बम की धमकी

**अहमदाबाद, 31 अगस्त.** सऊदी अरब के दम्माम से नई दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब विमान के टॉयलेट में एक क्रू मेंबर को एक टिश्यू पेपर मिला, जिस पर 'बम' लिखा हुआ था. धमकी मिलने के बाद पायलटों ने एहतियात के तौर पर विमान को अहमदाबाद डायवर्ट करने का फैसला किया। अहमदाबाद पुलिस के मुताबिक, दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट ने करीब शाम 4.0 बजे अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की. विमान में कुल 32 यात्री सवार थे. लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतारकर अहमदाबाद एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 में ले जाया गया.

# तेजाब बिक्री पर सुको सख्त

## कड़े प्रतिबंधों को लेकर प्राधिकरणों से मांगा जवाब

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली, 31 अगस्त. तेजाब हमलों से जुड़ी एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने खुदरा दुकानों में एसिड की बिक्री को बेहद सीमित करने, यहां तक कि पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की संभावना पर विचार किया. अदालत ने संबंधित प्राधिकरणों से इस मामले में जवाब मांगा है.**

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि तेजाब हमले के पीड़ितों को पारंपरिक उपचार पद्धतियों से बचाने और इस संबंध में जागरूकता फैलाने में गैर-सरकारी संगठन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं. सुनवाई के दौरान एक याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि सरकार की मौजूदा गाइडलाइंस पुरानी हैं. उन्होंने कहा कि सरकार हर बार कदम उठाने की बात करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती.

**17 साल से ले रहे नींद की दवा:** याचिकाकर्ता ने बताया कि वह 17 साल पहले तेजाब हमले का शिकार हुए थे और आज भी नींद के लिए दवा लेते हैं. उन्होंने कहा कि ऐसे हमले का मानसिक और शारीरिक असर बेहद गंभीर होता है.

# निर्भया-2, स्लीपर में नबालिग से गैंगरेप

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**दिल्ली, 31 अगस्त. देश की राजधानी दिल्ली में एक बार फिर निर्भया कांड दोहराया गया. ग्रेटर नोएडा से दिल्ली के कश्मीरी गेट के बीच चलने वाली एक स्लीपर बस में 16 वर्षीय छात्रा के साथ चालक और कंडक्टर ने सामूहिक दुष्कर्म किया.**

मामला दिल्ली के कश्मीरी गेट थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है. पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. घटना 4 अगस्त की बताई गई है. वारदात में इस्तेमाल की गई बस को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है.



चलती बस में ड्राइवर-कंडक्टर की हैवानियत

**11वीं की छात्रा है पीड़िता :** पीड़िता मैनपुरी जिले की रहने वाली है और 11वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही है. छात्रा 3 अगस्त 2026 को अपने घर से बिना बताए निकली थी. वह पढ़ाई को लेकर मां की डांट से नाराज थी. उसका इरादा नोएडा सेक्टर-63 में रहने वाले अपने चचेरे भाई के घर जाने का था. पीड़िता 3 अगस्त 2026 को अपने घर से निकली थी. वह नोएडा सेक्टर-63 में रहने वाले अपने चचेरे भाई के घर जा रही थी. इसी दौरान वह ग्रेटर नोएडा से दिल्ली के लिए स्लीपर बस में सवार हुई.

बस में ही चालक और कंडक्टर ने कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया. यह गंभीर वारदात 4 अगस्त को हुई. मामला सोमवार को सामने आने के बाद हड़कंप मच गया. पुलिस ने चालक और कंडक्टर को गिरफ्तार कर बस में कब्जे में ले ली है.

### आप ने सीएम को घेरा

दिल्ली में सोमवार को दो अपराधों से राजधानी कांप उठी. एक चलती स्लीपर बस में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म हुआ तो वहीं दूसरी तरफ बवाना इलाके के एक निजी स्कूल की तीन साल की छात्रा के साथ गलत हरकत की गई. जिसके बाद अब महिला सुरक्षा को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है. आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने दो गंभीर घटनाओं पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जिम्मेदार ठहराया है.

# इंसानों से आगे निकल जाएगा एआई : मस्क

**नई दिल्ली, 31 अगस्त. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का विकास इतनी तेज रफ्तार से हो रहा है कि यह बहुत जल्द मानव मस्तिष्क की सीमाओं को चुनौती देने वाला है.**

दुनिया के दिग्गज उद्योगपति एलन मस्क ने दावा किया है कि अगले साल के अंत तक एआई कंप्यूटर, इंटरनेट और डिजिटल कामकाज में इंसानों को पीछे छोड़ देगा. मस्क का मानना है कि डिजिटल डेटा प्रोसेसिंग और कोडिंग जैसे जटिल काम यह तकनीक चुटकियों में निपटाने लगेगा. मस्क ने इस बात को भी स्पष्ट किया कि एआई की यह महारत फिलहाल केवल डिजिटल और वर्चुअल दायरे तक ही सीमित रहने वाली है. फैक्ट्रियों में निर्माण कार्य, बुनियादी ढांचा तैयार करने या घरों के निर्माण जैसे शारीरिक श्रम वाले कामों में मशीनें फिलहाल इंसानों की जगह नहीं ले सकतीं. उन्होंने साफ कहा कि लोगों को साइंस-फिक्शन फिल्मों की तरह रोबोट्स के वर्चस्व से डरने की जरूरत अभी नहीं है.



डिजिटल और वर्चुअल दायरे में ही रहेगा एआई

एलन मस्क ने करीब एक दशक पुरानी एक बातचीत का हवाला देते हुए गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज की चेतावनी को याद किया. पेज ने कहा था कि एक समय ऐसा आएगा जब एआई सॉफ्टवेयर की सुरक्षा खामियों को खुद खोजकर सिस्टम को हैक करने लगेगा. हाल ही में वर्सेल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गुइलेर्मो रोश ने भी ऑटोनोमस एआई एजेंट्स द्वारा साइबर स्पेस में सेंध लगाने को लेकर गहरी चिंता जताई थी. परीक्षणों में एआई का यह अनियंत्रित व्यवहार हकीकत बनता दिख रहा है.

# दिपके की राजनीतिक महत्वाकांक्षा : वांगचुक

**श्रीनगर, 31 अगस्त.** क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' मूवमेंट के आयोजक अभिजीत दिपके और उनके साथियों पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि अभिजीत दीपके और उनके साथियों में राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं दिखती हैं. हालांकि उन्होंने कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है, बशर्ते यह स्टूडेंट प्लेटफॉर्म अपनी गैर-राजनीतिक पहचान बनाए रखे. एक पॉडकास्ट में वांगचुक ने कहा कि दिपके और अन्य लोगों ने उनके सामने कोई योजना नहीं रखी थी और उनकी राय उनके अपने आकलन पर आधारित थी.

# नीट पीजी के बाद सेंटर पर एआईआईएमएस परीक्षा में बवाल

- एआईआईएमएस सीआरई-5 परीक्षा में भी सर्वर ठप
- जयपुर के केंद्र पर परीक्षा में बार-बार व्यवधान

**जयपुर, 31 अगस्त. जयपुर के आईऑन डिजिटल जोन परीक्षा केंद्र पर सोमवार को एआईआईएमएस सीआरई-5 का री-एग्जाम भी तकनीकी समस्याओं की चपेट में आ गया.**

सर्वर में खराबी के कारण परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू नहीं हो सकी और करीब 30 मिनट की देरी से शुरू हुई. इसके बाद परीक्षा शुरू होने के लगभग 20 मिनट बाद फिर तकनीकी दिक्कतें सामने आईं, जिससे परीक्षा बार-बार बाधित हुई.

लगातार आ रही तकनीकी परेशानियों से नाराज अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों ने परीक्षा केंद्र के बाहर विरोध प्रदर्शन किया. उन्होंने परीक्षा एजेंसी और केंद्र प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए. अभ्यर्थियों का आरोप है कि सर्वर संबंधी समस्या के कारण परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू नहीं हो सकी. करीब आधे घंटे की देरी के बाद परीक्षा शुरू हुई, लेकिन कुछ ही देर में तकनीकी दिक्कत दोबारा सामने आ गई.

## हस्तियों के ट्वीट



प्रीति जिंटा ने हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर एक भावात्मक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि सहेलियाँ सच में एक वरदान होती हैं. सबसे अच्छे समय के लिए शुक्रिया लामी। ढेर सारा प्यार और इस ट्रिप को इतना खास बनाने के लिए शैल, तुम्हारा भी शुक्रिया टिंग!



रणवीर इलाहाबादिया ने हाल ही में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि जो क्रिएटर सिर्फ क्रिएटर बनकर ही रहता है, वह लगभग 4 साल में थककर रुक जाता है. लेकिन जो एंटरप्रेन्योर कंटेंट बनाता है, वह एक दशक या उससे ज़्यादा समय तक चल सकता है. कंटेंट तो बस बिज़नेस का बाहरी हिस्सा (फ्रंट-एंड) है। असल में तो इसके पीछे के सिस्टम ही टिके रहते हैं.

## आज का इतिहास

1921 भारतीय क्रिकेटर माधव मंत्री का जन्म.

1923 ग्रेट कैंटो भूकंप ने जापान के टोक्यो और योकोहामा शहरों में तबाही मचाई.

1939 जर्मनी का पौलेंड पर आक्रमण करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ.

1942 रास बिहारी बोस ने इंडियन नैशनल आर्मी की स्थापना की.

1947 भारतीय मानक समय को अपनाया गया.

1947 भारत के राजनीतिज्ञों में से एक पी. ए. संगमा का जन्म.

1956 भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की स्थापना हुई.

# राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक कल सीईओ पर भी होगा मंथन तेज

**अयोध्या, 31 अगस्त. श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अहम बैठक 2 सितंबर को होने वाली है. बैठक में 12 मुद्दों पर चर्चा के साथ सीएईओ को लेकर भी लगातार मंथन किया जा रहा है. सीएईओ से पहले प्रवक्ता की तैनाती पर की जाएगी.**

ट्रस्ट की नियमावली में भी संशोधन होना संभल माना जा रहा है. ट्रस्ट इस बार इन 12 मुद्दों को ट्रस्ट बैठक पटल पर पेश करेगा. इस बार राम मंदिर के लिए स्थानीय सुरक्षा जैसे विषय को ट्रस्ट महासचिव की अध्यक्षता में सामने रखा जाएगा. इसके साथ ही पूर्व में 22 अगस्त को की गई बैठक में हुई कार्यवाही को लेकर भी बातचीत संभव है. 2 सितबर को बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-2026 लेखा परीक्षित आय व्यय पत्रक और तुलन पत्रक पर आधिकारिक स्वीकृति दी जाएगी.



सीईओ से पहले प्रवक्ता की तैनाती की तैयारी

# कोर्ट अधिकार से बाहर सिंधु जल

- भारत ने आर्बिट्रेशन का फैसला मानने से किया इनकार
- संस्था का गठन ही समझौते में निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप नहीं

**नवभारत न्यूज नेटवक**

**नई दिल्ली, 31 अगस्त. सिंधु जल संधि को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहा विवाद अब कानूनी दावे और जल संसाधनों से आगे बढ़कर दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव का एक अहम मुद्दा बन गया है.**

भारत ने सोमवार को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन के फैसले को सिरे से अस्वीकार कर दिया, जो सिंधु जल संधि से जुड़े विवाद में सामने आया है. विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस संस्था का गठन ही समझौते में निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप नहीं है, इसलिए उसे इस मामले पर फैसला देने का अधिकार नहीं है. भारत का कहना है कि ऐसी स्थिति में मध्यस्थता न्यायालय की ओर से जारी कोई भी निर्णय या आदेश नई दिल्ली की कार्रवाई को प्रभावित नहीं कर सकता. मंत्रालय ने यह भी दोहराया कि सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का भारत का फैसला अभी प्रभावी है. नई दिल्ली पहले भी जम्मू-कश्मीर की जलविद्युत परियोजनाओं से जुड़े विवादों में इस प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठा चुकी है. विवाद की पृष्ठभूमि 1960 में हुई सिंधु जल संधि से जुड़ी है. विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुए इस समझौते के तहत सिंधु नदी प्रणाली की छह प्रमुख नदियों के जल का बंटवारा किया गया था.

### पाक ने फिर धमकाया

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इसहाक डार ने कहा कि संधि के तहत पाकिस्तान को मिलने वाले पानी से वंचित करने की किसी भी कोशिश के क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं. उनका तर्क है कि सिंधु नदी प्रणाली पाकिस्तान की कृषि, खाद्य सुरक्षा, बिजली उत्पादन और बड़ी आबादी की आजीविका से सीधे जुड़ी है.

# महिलाओं को घर पर ही रहने की सलाह

## केरल के धर्मगुरु के बयान पर सियासी घमासान

**कोच्चि, 31 अगस्त. केरल के चर्चित इस्लामिक धर्मगुरु और ग्रैंड मुफ्ती शेख अबूबकर अहमद का महिलाओं के सार्वजनिक जीवन को लेकर दिया बयान विवादों में आ गया है.**

कोच्चि में आयोजित 'हब्बल रसूल' कॉन्फ्रेंस में उन्होंने महिलाओं को घर के भीतर रहने और सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचने की सलाह दी. अपने तर्क को समझाने के लिए उन्होंने महिलाओं की तुलना सोने के आभूषणों से भी की. उन्होंने कहा कि इस्लाम में पर्दे की व्यवस्था महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से जुड़ी है. महिलाओं को सार्वजनिक जीवन से दूर रखना उन्हें कमतर आंकना नहीं, बल्कि सम्मान देने का तरीका है. उन्होंने कुरान की एक आयत का हवाला देते हुए भी महिलाओं के घर के भीतर रहने की बात कही.

**बीजेपी ने जताया विरोध:** महिलाओं को सार्वजनिक जीवन से दूर रखने की सलाह और उनकी तुलना आभूषणों से किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा विरोध जताया है. पार्टी ने इस सोच को महिलाओं की स्वतंत्रता और समानता के खिलाफ बताते हुए इसे पुरानी मानसिकता से जोड़ा है.

### सोने के हार का दिया उदाहरण



अपने संबोधन में उन्होंने सोने के हार और पत्थर की चक्कियों का उदाहरण दिया. उन्होंने कहा कि सोने के आभूषणों को ज्वेलरी की दुकान में सुरक्षित स्थान पर रखा जाता है और ग्राहक को दिखाने के लिए सावधानी से बाहर निकाला जाता है. इसके विपरीत पत्थर की चक्कियां खुले में रखी जा सकती हैं. इसी तुलना के आधार पर उन्होंने तर्क दिया कि महिलाओं को भी सुरक्षित वातावरण में रखा जाना चाहिए. उन्होंने दावा किया कि महिलाओं को सार्वजनिक जीवन में लाने से गंभीर सामाजिक परिणाम हो सकते हैं. यही टिप्पणी अब विवाद का प्रमुख कारण बनी है.

सैन्य उपलब्धि | आईएनएस खतरे से निपटने को तैयार : नेवी चीफ

# चुनौतियों के बीच निपुण से हुआ सुरक्षा कवच मजबूत

**नवभारत न्यूज**

**मुंबई, 31 अगस्त. पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन ने सोमवार को मुंबई में कहा कि बदलते वैश्विक रणनीतिक माहौल में समुद्री क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और सुरक्षा चुनौतियां तेजी से बढ़ रही हैं.**

पश्चिम एशिया का संकट, समुद्री मार्गों पर खतरे और क्षेत्र में बढ़ता सैन्यीकरण भारत के लिए नई चुनौतियां पैदा कर रहे हैं. ऐसे समय में आईएनएस निपुण के नौसेना में शामिल होने से गहरे समुद्र में गोताखोरी, पनडुब्बी बचाव, आपदा राहत और मानवीय सहायता अभियानों की क्षमता मजबूत होगी. एडमिरल स्वामीनाथन मुंबई में भारतीय नौसेना में गहरे समुद्र में गोताखोरी करने वाले जहाज आईएनएस निपुण को शामिल किए जाने के मौके पर अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हम आज रणनीतिक रूप से बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं. समुद्री क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही है और खतरों की प्रकृति भी लगातार बदल रही है तथा नए रूप ले रही है. पश्चिम एशिया में जारी उथल-पुथल, वैश्विक समुद्री मार्गों पर बढ़ते खतरे और क्षेत्र के देशों द्वारा तेजी से किए जा रहे सैन्य साजो-सामान के विस्तार के बीच पश्चिमी नौसेना कमान समुद्री क्षेत्र में सामने आ रही इन चुनौतियों से निपटने में सबसे आगे रहेगी. नौसेना प्रमुख ने कहा कि देश का पश्चिमी तट पश्चिमी नौसेना कमान के अधिकार क्षेत्र में आता है. ऐसे में आईएनएस निपुण भारतीय नौसेना की बहु-आयामी अभियानों की क्षमता को मजबूत करने के लिए जरूरी विशेष जलमग्न क्षमताओं में महत्वपूर्ण इजाफा करेगा.




### 300 मीटर गहराई तक गोताखोरी में सक्षम

आईएनएस निपुण में समुद्र की 300 मीटर तक की गहराई में गोताखोरी अभियानों को संचालित करने और उनमें सहायता देने की क्षमता है. जहाज को इस तरह तैयार किया गया है कि यह जरूरत पड़ने पर तेजी से पनडुब्बी बचाव अभियान भी चला सके. आईएनएस निपुण की भूमिका केवल सैन्य अभियानों तक सीमित नहीं रहेगी.